# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 28.05.2025

# प्रकाशनार्थ

## शिक्षक शिक्षा विभाग में विदाई एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन
## प्रशिक्षु बिंदेश्वर तिवारी मिस्टर फेयरवेल तथा आंचल तिवारी को मिस फेयरवेल चुना गया

**दिनांक 28.05.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के शिक्षक–शिक्षा विभाग में द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षुओ हेतु विदाई एवं सांस्कृतिक समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

**कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो.(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह एवं विभाग के समस्त प्राध्यापकगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।** तत्पश्चात सरस्वती वंदना प्रशिक्षु अंशिका पांडेय, नेहा साहनी, हेमा गुप्ता एवं सन्नु गौतम के द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षु प्रदुम्न दुबे के द्वारा मुख्य अतिथि जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्वागत गीत प्रशिक्षु हर्षिता कश्यप, हेमा एवं आकांक्षा राव द्वारा प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में द्वितीय सेमेस्टर के सुधीर कुमार के द्वारा भोजपुरी लोक गीत प्रस्तुत किया गया जिसके बोल थे–'बड़ा निक लागे राघव जी के गउवां'। प्रशिक्षु हर्षिता कश्यप के द्वारा उत्साहवर्धक गीत–'इक बात है कहनी, तुमको है ये सुननी' प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षु अंशिका पांडेय के द्वारा 'सत्य अटल है अविरल है' कविता प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षु नेहा साहनी के द्वारा विद्यार्थी जीवन से संबंधित गीत प्रस्तुत किया गया जिसके बोल थे–'वो दिन भी क्या दिन थे'। बी०एड० चतुर्थ सेमेस्टर की प्रशिक्षु अंशु राव के द्वारा गीत की प्रस्तुति दी गई जिसके बोल थे 'जैसा सोचोगे तुम वैसा बन जाओगे।' मिथिलेश पाण्डेय के द्वारा वीर रस की कविता प्रस्तुत की गई। आकाश उपाध्याय के द्वारा शिवभजन प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षु हर्षिता कश्यप और हेमा गुप्ता के द्वारा विदाई गीत की प्रस्तुति की गई जिसके बोल थे –'हमें छोड़ कर चाहे कहीं जाइयेगा'।

**कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्राचार्य प्रो.(डॉ.) ओ.पी. सिंह जी के द्वारा आशीर्वचन एवं शुभकामनाएं दी गई जिसके अंतर्गत उन्होंने प्रशिक्षुओं को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि** विद्यार्थिओं को अपने उत्तरजीविता को अपने कौशल से बढ़ाना है ताकि हम इस प्रतिस्पर्धी युग में आगे रह सकें एवं उन्होंने बताया कि जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति हेतु एक समय सीमा का होना जरूरी है ताकि एक समयबद्ध रुप से लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें। अपने उद्‌बोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षक–शिक्षा विभाग सदैव से प्रयोगधर्मिता एवं नवाचार में आगे रहा है। प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि के लिए प्रमाण–पत्र प्रदान किये गये। अनन्त, आकाश, निधि एवं अन्य प्रशिक्षुओं ने अपने दो वर्ष के अनुभव भी साझा किये। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों तथा प्रतियोगिताओं के द्वारा मिस्टर फेयरवेल प्रशिक्षु बिंदेश्वर तिवारी तथा मिस फेयरवेल प्रशिक्षु आंचल तिवारी को चुना गया। प्रशिक्षु अभिमन्यु यादव के द्वारा मुख्य अतिथि जी एवं समस्त उपस्थित सम्मानित लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया गया।

**कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु आकांक्षा राव एवं आदित्य नारायण पाण्डेय के द्वारा प्रभावशाली एवं रोचक ढंग से किया गया। इस अवसर पर बी.एड. विभाग के प्राध्यापक प्रो.(डॉ.) शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ. सुभाष चंद्र, श्री राकेश कुमार सिंह, श्री प्रदीप यादव, श्रीमती शालिनी पारिक एवम् द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के सभी शिक्षक–प्रशिक्षु उपस्थित रहे।**

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क